प्रादेशिक समाचार

दिनांक–29.06.2024 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

1. राज्य सरकार ने उपभोक्ताओं को दो सौ यूनिट बिजली मुफ्त देने का लिया फैसला, मुख्यमंत्री बहन–बेटी स्वावलंबन प्रोत्साहन योजना को भी दी मंजूरी।
2. नीट पेपर लीक मामले में सीबीआई ने की बड़ी कार्रवाई, हजारीबाग से ओएसिस स्कूल के प्रिंसिपल और वाइस प्रिंसिपल समेत तीन को किया गिरफ्तार।
3. एनटीए ने की रद्द और स्थगित परीक्षाओं के लिए नई तारीखों की घोषणा, यूजीसी–नेट परीक्षा अब 21 अगस्त से 4 सितंबर के बीच।
4. रांची समेत पूरे राज्य में मानसून सक्रिय, मौसम विभाग ने जारी की रांची, हजारीबाग और पलामू समेत 10 जिलों में अगले तीन दिनों तक भारी बारिश की चेतावनी।
5. टी–20 वर्ल्ड कप का फाइनल आज, भारत और दक्षिण अफ्रीका में होगा खिताबी मुकाबला।

****

राज्य सरकार ने उपभोक्ताओं को दो सौ यूनिट बिजली मुफ्त देने का फैसला किया है। मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन की अध्यक्षता में कल हुई मंत्रिपरिषद की बैठक में इस प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की गयी। सरकार के इस फैसले से राज्य के करीब 40 लाख उपभोक्ताओं को इसका सीधा लाभ मिलेगा। राज्य में अब तक 125 यूनिट बिजली मुफ्त मिल रही थी। इसके साथ ही मंत्रिपरिषद ने सीएम बहन–बेटी स्वावलंबन प्रोत्साहन योजना समेत 40 प्रस्तावों को स्वीकृति प्रदान की। बहन–बेटी स्वावलंबन प्रोत्साहन योजना के तहत 21 से 50 वर्ष के बीच की सभी वर्ग की महिलाओं को प्रतिमाह एक हजार रुपये दिये जायेंगे। राज्यवासियों को स्वास्थ्य बीमा का लाभ देने के लिए अबुआ स्वास्थ्य सुरक्षा योजना पर भी मंत्रिपरिषद ने स्वीकृति दी है।

****

नीट पेपर लीक मामले में सीबीआई की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए हजारीबाग स्थित ओएसिस स्कूल के प्राचार्य एहसानुल हक और उप प्रचार्य मो. इम्तियाज को गिरफ्तार कर लिया है। जांच टीम उन्हें अपने साथ पटना ले गयी है। सीबीआई ने एक अन्य संदिग्ध को भी अपने साथ ले गयी है।

****

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी–एनटीए ने रद्द और स्थगित परीक्षाओं के लिए नई तारीखों की घोषणा कर दी है। एनटीए ने कल जारी एक अधिसूचना में कहा कि यूजीसी–नेट जून 2024 परीक्षा अब 21 अगस्त से 4 सितंबर के बीच आयोजित की जाएगी। यह परीक्षा इस महीने की 18 तारीख को आयोजित किए जाने के एक दिन बाद रद्द कर दी गई थी। संयुक्त सीएसआईआर–यूजीसी–नेट जून–2024 अब 25 से 27 जुलाई तक आयोजित की जाएगी। चार वर्षीय इंटीग्रेटेड टीचर एजुकेशन प्रोग्राम–आईटीईपी में प्रवेश के लिए नेशनल कॉमन एंट्रेंस टेस्ट अब 10 जुलाई को होगी। एनटीए ने कहा कि अखिल भारतीय आयुष पोस्ट ग्रेजुएट प्रवेश परीक्षा 2024 अपने वास्तविक कार्यक्रम के अनुसार अगले महीने की 6 तारीख को आयोजित की जाएगी।

****

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल सुबह 11 बजे आकाशवाणी पर श्मन की बातश कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की एक सौ 11वीं कड़ी यह कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के पूरे नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट और न्यूज ऑन एआइआर मोबाइल ऐप पर प्रसारित किया जाएगा।

****

साहिबगंज जिले में विधानसभा चुनाव की प्रशासनिक तैयारी शुरू कर दी गई है।

****

राजधानी रांची समेत पूरे राज्य में मानसून पूरी तरह सक्रिय हो गया है। कल राज्य के अधिकांश हिस्सों में बारिश हुई। मौसम विभाग ने अगले तीन दिनों तक रांची, हजारीबाग और पलामू समेत राज्य के दस जिलों में भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। इसे लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है।

****

देवघर जिले के विभिन्न क्षेत्रों में छापेमारी कर पुलिस ने 16 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। इन अपराधियों के पास से 21 मोबाइल, 27 सिमकार्ड, एक एटीएम और एक नोटबुक जब्त किया गया है।

****

पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग की ओर से चतरा जिले में उतरी छोटानागपुर प्रमंडल स्तरीय प्रतिभा चयन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जवाहर–लाल नेहरू स्टेडियम में आयोजित प्रतियोगिता के पहले दिन 237 बालक और 75 बालिकाओं समेत कुल 312 खिलाड़ियों ने भाग लिया।

****

जमशेदपुर स्थित जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कांप्लेक्स में आयोजित पांच दिवसीय चौथे ऑल इंडिया फिडे रेटेड स्पेशल एबल्ड टाटा स्टील चेस चौंपियनशिप का कल समापन हो गया। इस प्रतियोगिता में 16 राज्यों के 68 खिलाड़ियों ने भाग लिया प्रतियोगिता में नवीन कुमार, वेंकट कृष्ण कार्तिक और समर्थ जे राव और महिला खिलाड़ी कनिश्री पी ने शीर्ष स्थान हासिल किया।

****

टी 20 विश्व कप के फाइनल में आज भारत का मुकाबला दक्षिण अफ्रीका से होगा। बारबाडोज में खेले जाने वाला ये मैच भारतीय समयानुसार रात 8 बजे शुरू होगा। भारत और दक्षिण अफ्रीका प्रतियोगिता में अजेय बनी हुई हैं।

****

<u>और अब अखबारों की सुर्खियां–</u>

राज्य से प्रकाशित अधिकत्तर अखबारों ने पिछले पांच माह से जेल में बंद पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के जमानत पर रिहा होने की खबर को पहले पन्ने पर जगह दी है।

हिन्दुस्तान ने लिखा है– हेमंत को बेल, जेल से बाहर आये।

दैनिक भास्कर ने झारखंड हाईकोर्ट के हवाले से लिखा है– जिनकी जमीन पर कब्जे का आरोप, उन्होंने शिकायत ही नहीं की, इडी के आरोप आधारहीन।

प्रभात खबर के शब्द हैं– छूटे हेमंत सोरेन।

दैनिक जागरण ने उपभोक्ताओं को 200 यूनिट बिजली मुफ्त देने के राज्य मंत्रिपरिषद के फैसले को पहने पन्ने पर प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

रांची एक्सप्रेस के शब्द हैं– हेमंत सोरेन पांच महीने के बाद जेले से आये बाहर।

अंग्रेजी अखबार द टाइम्स ऑफ इंडिया ने नीट पेपर लीक मामले में हजारीबाग से प्रचार्य और उप प्रचार्य की गिरफ्तारी की खबर को पहले पन्ने पर जगह दी है, जबकि हिन्दुस्तान टाइम्स ने दिल्ली–एनसीआर में हुई भारी बारिश की खबर को पहले पन्ने की सुर्खी बनायी है।

****